दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 36 मुरादाबाद 28 May 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## केदारनाथ में हो रहे काम को 'तीसरी आंख' से देखते हैं पीएम नरेंद्र मोदी, खुद बताया कैसे ड्रोन से रखते हैं नजर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रगति मैदान में दो दिवसीय 'भारत ड्रोन महोत्सव 2022% का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा, ''ड्रोन तकनीक को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह अद्भुत है। जो ऊर्जा नजर आ रही है, वह भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का प्रतिबिंब है। यह भारत में रोजगार के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती हैं।'' पीएम मोदी ने कहा, ''जब केदारनाथ के पुनिर्माण का काम शुरू हुआ था तो हर बार मेरे लिए वहां जाना संभव नहीं था। ऐसे में मैं ड्रोन के जरिए केदारनाथ के काम का निरीक्षण करता था। आज सरकारी कामों की गुणवत्ता को देखना है तो यह जरूरी नहीं है कि मुझे वहां निरीक्षण करने कि लिए जाना है।'' उन्होंने कहा, 'मैं ड्रोन भेज दूं तो जानकारी वह लेकर आ जाता है और उन्हें पता भी नहीं चल पाता है कि मैंने जानकारी ले ली है।'' इस मौके पर उन्होंने कहा, ''पहले की सरकारों के समय तकनीक को समस्या का हिस्सा समझा गया, उसको गरीब विरोधी साबित करने की कोशिशें हुईं। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नॉलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का वातावरण रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब, वंचितों, मिडिल क्लास को हुआ।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''बीते 8 साल में जो प्रयास हुए हैं, उसने किसानों का तकनीक के प्रति भरोसा बहुत बढ़ा दिया है। आज देश का किसान तकनीक के साथ कहीं ज्यादा सहज है, उसे ज्यादा से ज्यादा अपना रहा है। ड्रोन तकनीक हमारे कृषि सेक्टर को अब दूसरे स्तर पर ले जाने वाली है। स्मार्ट तकनीक आधारित ड्रोन इसमें बहुत काम आ सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''पीएम स्वामित्व योजना के तहत पहली बार देश के गांवों की हर प्रॉपर्टी की डिजिटल मैपिंग की जा रही है। डिजिटल प्रॉपर्टी कार्ड लोगों को दिए जा रहे हैं। इससे भेदभाव की गुंजाइश खत्म हुई है। इसमें बड़ी भूमिका ड्रोन की रही है।''

## आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत, जमानत को लेकर हाईकोर्ट से लगी शर्त पर रोक



जौहर विश्वविद्यालय को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सपा नेता आजम खां को राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान की जमानत को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शर्त पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने रामपुर के डीएम को जौहर विश्वविद्यालय से जुड़ी जमीन कब्जे में लेने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रथमदृष्ट्या इलाहाबाद हाईकोर्ट की शर्त असंगत और सिविल कोर्ट के किसी फरमान की तरह लगती है।

जौहर विश्वविद्यालय को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सपा नेता आजम खां को राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आजम खान की जमानत को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शर्त पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने रामपुर के डीएम को जौहर विश्वविद्यालय से जुड़ी जमीन कब्जे में लेने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रथमदृष्ट्या इलाहाबाद हाईकोर्ट की शर्त असंगत और सिविल कोर्ट के किसी फरमान की तरह लगती है। इससे पहले आजम खाने ने याचिका दायर कर दावा किया था कि इस शर्त के कारण जौहर विश्वविद्यालय के एक हिस्से को ढहा दिया जाएगा। पिछली सुनवाई में खान की ओर से अधिवक्ता ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत के लिए एक शर्त के रूप में विश्वविद्यालय को ढहाने का आदेश दिया है, और अब जिला प्रशासन इस आदेश पर अमल करने की तैयारी कर रहा है।

## सीएम योगी ने अखिलेश पर जमकर छोड़े व्यंग्यवाण, बोले-आप पास-पास होकर भी साथ-साथ नहीं

यूपी विधानसभा के बजट सत्र का आज पांचवां दिन है। कल वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राज्य का अब तक का सबसे बड़ा ( 6.15 लाख करोड़ ) बजट पेश किया। विधानसभा में आज बजट पर चर्चा हो रही है। इस दौरान सीएम योगी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर शायराना अंदाज में तंज कसा। उधर, मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार ने एक नई याचिका दाखिल की है जिसमें दावा किया गया है कि औरंगजेब द्वारा मथुरा में श्रीकृष्ण का मंदिर तोड़े जाने के बाद वहां की मूर्तियां और बेशकीमती सामान लेकर वो आगरा के लाल किले में चला गया था। ये मूर्तियां वहां बेगम साहिबा की मस्जिद की सीढ़ियों में दबी हैं। याचिका में इन मूर्तियों को वापस दिलवाने की मांग की गई है। उधर, आजम खान की अर्जी पर आज सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर भी लोगों की नजर है। इस अर्जी में आजम खान ने जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई एक शर्त को चुनौती दी है।

**लाकडाउन सिंह से नहीं मिले**



**होंगे आप-अखिलेश यादव**

सीएम योगी के भाषण के खत्म होते ही सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी जगह पर खड़े होकर उनका विरोध किया। अखिलेश यादव ने लाकडाउन के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर एक गर्भवती महिला की तकलीफ का जिक्र करते हुए कहा कि वहां बार्डर के पास एक बच्चे ने जन्म लिया और लोगों ने उसका नाम रख दिया लाकडाउन। सीएम शायद लाकडाउन से नहीं मिले होंगे। उस महिला की किसी सरकार ने मदद नहीं की। यदि किसी ने मदद की तो समाजवादियों ने की। अखिलेश यादव ने शोरशराबे के बीच सीएम योगी की बातों का जवाब देने की कोशिश की। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने उन्हें टोका कि यह परंपरा नहीं है।

**आप और हममें यही अंतर है-आप पास-पास होकर भी साथ-साथ नहीं: सीएम योगी**

यह यात्रा आपकी भी चल रही है और हमारी भी चल रही है लेकिन अंतर यही है कि हम पास-पास भी हैं और साथ-साथ भी हैं। बहुत सारे सदस्यों की आप जाति नहीं बता सकते लेकिन आप पास-पास होकर भी साथ-साथ नहीं है यही अंतर है। राज्यपाल जी के अभिभाषण का आपने सम्मान किया होता तो अच्छा होता लेकिन आपके सदस्य 'राज्यपाल गो बैक के नारे लगा रहे थे। हमें चौका और चौराहे की बात को याद करना होगा। इस सदन में क्या बात होनी चाहिए। चौराहे पर क्या बात होनी चाहिए। दोनों में अंतर होना चाहिए। यह मंच व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं हो सकता। राज्यपाल जी के अभिभाषण का यदि आप विरोध करते हैं तो प्रदेश के विकास का विरोध करते हैं। क?या जनता हमको देख नहीं रही है। माननीय सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। कई रोचक बातें आईं। मैं सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। कई दलों का नाम लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि मैं सबको धन्यवाद देता हूं। मैं अपील करूंगा कि एक स्वर से हम राज्यपाल जी को धन्यवाद करें। 167 सदस्य किसी चर्चा में भाग लें, यह अपने आप में एक नया प्रयोग है। यहां की प्रोसिडिंग हिंदी, अंग्रेजी में अनुवाद करके हर विधानसभा और लोकसभा की लाइब्रेरी को भी भेजना चाहिए। जब हम सत्ता में रहते हैं तो हमें बहुत सारे काम ऐसे करना चाहते हैं कि पूरा प्रदेश खुद को जुड़ा महसूस करें। आपकी कार्यपद्धति आपको पहचान दिलाएगी। नाम जोड़ने से आपको पहचान नहीं मिलने वाली है। समाजवाद को आप लोगों ने मृगतृष्णा बना दिया है। जब समाजवाद की बात होती थी तो डा.लोहिया, जयप्रकाश जी जैसे संघर्षशील नेताओं की चर्चा होती थी। आज समाजवादी पार्टी में मुझे लगता है कि डा. लोहिया में लेखनी कभी-कभी शिवपाल जी की देखता हूं। कभी-कभी देखने को मिता है उनका आर्टिकल। आपको सही मायने में लोहिया जी को पढ़ना चाहिए। लोहिया जी को पढ़ना चाहिए। उन्होंने बहुत सारी चीजें कहीं थीं लेकिन आज जब आप समाजवाद की बात करते हैं और समाजवाद की जो स्थिति देखते हैं, परिस्थिति से अप्रभावित एक शाश्वत व्यवस्था है जो हर परिस्थिति में कार्य करने की क्षमता रखती है। कोरोना आए या जाए हम प्रदेश की जनता का बाल बांका नहीं होने देंगे। हम पर राष्ट्रवादी होने का आरोप लगाया जाता है। यह गर्व की बात है। राष्ट्रभावना से विहीन व्यक्ति की स्थिति चूहे जैसी हो जाती है। चूहा जिस घर में रहेगा वहां का अन्न भी खाएगा और नींव में छेद करके घर को धंसाने का भी काम करेगा। चूहा बनने से अच्छा है राष्ट्रवादी बनना।

# पेंड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार : रात में नर्स और वार्ड बॉय भरोसे अस्पताल, ड्यूटी वाले डॉक्टर घर में करते हैं आराम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के पेंड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समस्याओं का अंबार है। यहां डॉक्टर कभी टाइम पर नहीं आते। कभी तो आते ही नहीं और आते भी है तो औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं। इन डाक्टरों को अपने प्राइवट क्लीनिक में जाने की जल्दी रहती है। मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी डाक्टरों की मनमानी को जानते हुए भी खामोश बैठे हैं। कार्रवाई व व्यवस्था सुधारने का सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। जबकि इस अस्पताल में दुरस्त अंचल छेत्र के आदिवासी सहित नगर के यहां लोग इलाज कराने आते हैं। रात में कोई ड्यूटी डाक्टर मौजूद नहीं होता। रात में नर्स एवं चौकीदार के भरोसे ही पूरा अस्पताल छोड़ दिया जाता है। आपातकाल में कोई मरीज अस्पताल पहुंचता है, तो वहां डॉक्टर नहीं रहता। वार्ड बॉय व नर्स के द्वारा ही मरीज का प्राथमिक उपचार कर दिया जाता है, उसके बाद जरूरत पड़ी तो डॉक्टर को बुलाने के लिए फोन करना पड़ता है लेकिन जिन जिम्मेदार डॉक्टरों के भरोसे ये अस्पताल सौंपा जाता है उनको फोन उठाने की फुर्सत भी नही होती जिसके कारण मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है। ताजा मामला बुधवार रात करीब 12.30 बजे का है जहां कांग्रेस के मिडिया प्रभारी रईस खान अपने बेटे को उल्टी दस्त होने की समस्या को लेकर पेंड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज कराने पहुचे। तो वहां अस्पताल में सिर्फ एक नर्स और एक वार्ड बॉय




ड्यूटी पर थे। जब उन्होंने नर्स को बच्चे की समस्या बताई तो नर्स ने उनके बेटे को कुछ दवाई दी लेकिन वो भी दवाई कुछ असर नहीं कि फिर उन्होंने नर्स को इंजेक्शन लगाने का आग्रह किया तो नर्स ने बिना डॉक्टर से पूछे इंजेक्शन ना लगाने की बात कही ।

**इमरजेंसी ड्यूटी होने पर भी नही उठता डॉक्टर साहब का फोन**

रईस खान ने बताया कि मैने जब नर्स को अपना परिचय दिया तो तब नर्स हड़बड़ा गई और नर्स ने 3 से 4 बार डॉ. दिलीप पैकरा को फ़ोन किया जिनकी इमरजेंसी ड्यूटी थी पर फ़ोन कवरेज बता रहा था। तब तक लगभग 20 मिनिट हो चुके थे और मेरा बेटा परेशान हो रहा था तब मैंने जिला चिकित्सा प्रभारी और पेंड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर देवेंद्र पैकरा को 3 से 4 बार कॉल किया पर उनके द्वारा फ़ोन भी नही उठाया गया बच्चे की हालत को नाजुक होता देख और पेण्ड्रा अस्पताल की स्थिति को देखते हुए मैं फ़ौरन उसे जिला अस्पताल लेकर आया जहां पर डॉ.अर्गल ड्यूटी पर थे उन्होंने तत्काल इलाज आरंभ किया।

## गौठान, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, मनरेगा, जल जीवन मिशन के कार्यो का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत गौरेला के विभिन्न पंचायतों में गौठान, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, पुलिया निर्माण, कुंआ, शासकीय उचित मूल्य दुकान, पंचायत भवन, पटवारी कार्यालय, मनरेगा, जल जीवन मिशन के कार्य और ग्राम पंचायत टीकरखुर्द में आयोजित प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जनसंवाद शिविर में पहुंचे सभी ग्रामीणों का ब्लड प्रेसर, सुगर और खून की जांच करने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत लमना में मुख्यमंत्री घोषणा मद से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा पुलिया निर्माण से लाभांवित परिवारों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत पूटा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत भगड़ानाला में साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य, जल जीवन मिशन के कार्य तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत टिकरखुर्द के शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को जनता से सीधे जुड़ कर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने तथा उनके समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।

# ट्रक चालक की मौत हार्ट अटैक की आशंका

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- नवीन मॉर्डन श्रावस्ती थाना क्षेत्र में ट्रक चालक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। ट्रक ड्राइवर उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले का रहने वाला था। चालक की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भिनगाभेज दिया । पुलिस मामले की जांच शुरू कर दिया है। जनपद कुशीनगर के खड्डा बाजार निवासी 46 वर्षीय ब्रह्मा शुक्ला पुत्र श्रीनिवास शुक्ला और अजय यादव पुत्र राजदेव यादव गाजियाबाद से 1-1 कंटेनर लेकर पडरौना जा रहे थे। देर रात कटरा बाईपास पर हवाईपट्टी चौराहास्थित एक होटल पर रुककर दोनो कंटेनर चालकों ने खाना खाया। खाना खाने के बाद कंटेनर को रोड किनारे खड़ी करके सो गये । सुबह उठते ही दूसरे कंटेनर चालक अजय यादव ने दूसरे वाहन चालकमृतक ब्रह्मा शुक्ला को फोन करके चलने की बात करने की कोशिश करके जगाने के लिए आवाज लगायी लेकिन चालक मृतक ब्रह्मा शुक्ला नही उठा। तब चालक अजय यादव ने गाड़ी के पास जाकर दरवाजे को ठोकने लगा अंदर से कोई आवाज न आने पर खिड़की से झांका तो देखा कि चालक ब्रह्मा शुक्ला का सर सीट से नीचे लटका हुआ दिखाई दिया। अजय यादव ने खिड़की को तोड़ कर दरवाजा खोला तो देखा कि चालक ब्रह्मा शुक्ला की मौत हो चुकी हैं। चालक अजय यादव ने इसकी सूचना डायल 112 व स्थानीय थाना स्रावस्ती पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नवीन मॉर्डन थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार राय हमराह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर शव को सील करके डाक्टरी परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की जानकारी मिल पाएगी। मृतक के परिजन को सूचना दे दी गई हैं।

# महंत कमल नयन दास जी का जाना शहर का आध्यात्मिक शोक

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-आज का दिन बरेली के लिए एक आध्यात्मिक शोक और क्षति का है। एक सर्व स्वीकृत तापसी संत और साधू का जाना है जिनके स्नेह,सौजन्य,तपस और मार्गदर्शन की भरपाई मुश्किल है।वो विराट ज्ञानी और श्रेष्ठ भक्त तथा उच्च गुरु थे।शहर और समाज को आध्यात्मिक अनुशासन तथा समरसता प्रदान करने मे उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकेगा। तुलसी मठ जिसके वो महंथ थे वह भगवान श्री राम की कृपा और प्रसाद से सदेव संपन्न रहा है और महंत जी के माध्यम से हमेशा भगवान श्री राम के आदर्श व्यक्तित्व और दर्शन को समाज मे बताता रहा है। मै पंडित सुशील कुमार पाठक व्यक्तिगत रूप से महंत कमल नयन दास जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं यह मानते हुए कि उनकी आध्यात्मिक सत्ता की कृपा अदृश्य रूप से हम सभी बरेली वासियो पर हमेशा बनी रहेगी श्रद्धांजलि अर्पित करने बाले मे माननीय सासंद संतोष गंगबार अनिल कुमार सक्सेना गुलशन आनंद डा अनिल शर्मा जिला न्यायाधीश सीओ नगर द्वितीय आशीष प्रताप सिंह सुरेन्द्र मिश्रा ज्ञानी कालेसिहं एवं सभी मंदिरो के महंत पुजारी ब्राह्मणसभाओ के पदाधिकारी गण एव शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जय श्री राम ,जय साई राम। पंडित सुशील कुमार पाठक श्री शिरडी साई सर्बदेब मंदिर श्यामगंज बरेली

# रोड की पटरी पर जा रही मासूम 4 वर्ष की बच्ची को मोटरसाइकिल सवार ने मारी ठोकर मौके पर मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर के पास काली मंदिर के निकट बदला चौराहा से तेज रफ्तार में आ रहे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर रोड की पटरी पर 4 वर्ष शांता कुमारी पुत्री परशुराम जा रही थी और मोटरसाइकिल सवार ने उसे ठोकर मार दिया मौके पर उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना ग्रामीणों व परिजनों द्वारा मल्हीपुर पुलिस को दी गई घटनास्थल पर मल्हीपुर की पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके शव विच्छेदन गृह भिंनगा भेज दिया गया है और मोटरसाइकिल हीरो यूपी 46 ए 780 8 व मोटरसाइकिल चालक तुलसीराम पुत्र हरिहर प्रसाद वर्मा ग्राम खावां कला थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती जिसे पुलिस पकड़ कर थाना मलहीपुर को ले आई है इस संबंध में थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मोटरसाइकिल चालक और मोटरसाइकिल को थाना मल्हीपुर में लाकर कार्यवाही किया जा रहा है

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना श्रावस्ती की अपराध समीक्षा

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी द्वारा थाना श्रावस्ती पर विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की गई लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ-साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी बीट आरक्षियों की मीटिंग की गई जिसमें बीट व्यवस्था के अंतर्गत जांच हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें, उनकी समस्याओं को सुनें, आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाए तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-जिला कांग्रेस कमेटी के गंज बाजार कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष गइयूर अंसारी की अध्यक्षता में भारत के स्वतंत्रता सेनानी प्रथम प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के निर्माता स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके कार्यों का स्मरण किया वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत के विकास का खाका तैयार किया पंडित जवाहरलाल नेहरू देश की स्वतंत्रता के लिए 9 वर्ष जेल में रहे आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की जीडीपी 0 से 3.5त्नप्रतिशत की जम्प के साथ भारत के विकास को आगे बढ़ाया यह जीडीपी की जम्प विश्व की सबसे बड़ी जम्प थी उस समय विश्व के सभी देश चकित रह गए थे भारत में उच्च शिक्षण संस्था स्थापित कर दिए, विज्ञान के उच्च रिसर्च सेंटर स्थापित किए, हथियारों की इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया, बड़े बांध नहर स्थापित की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान स्थापित किए जिनका आज भी कोई मुकाबला नहीं है आज उन्हीं की नीति के कारण भारत में विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित है और उनकी पंचवर्षीय योजनाएं बहुत मील का पत्थर साबित हुंई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी मोहत्शिम मुख्तार इरशाद हुसैन नवाब कुरेशी शहजाद खान राजेंदर बाल्मीकि नाजिम मलिक विवेक सागर सुरेश चंद्र सक्सेना आदि मौजूद रहे

## भारतीय हस्तशिल्प प्रौद्योगिकी संस्थान में 75 प्रतिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिलाधिकारी ने किया फीता काटकर

### हस्तशिल्पी प्रशिक्षण प्राप्त कर एक अच्छे निर्यातक बनें-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0 ( ओ0डी0ओ0पी0 ) एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अर्न्तगत दक्षता/कौशल विकास/उद्यमिता विकास प्रशिक्षण योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में卐धातु शिल्प卐 में प्रशिक्षण देने के लिए 400 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य मिला है, जिसके अर्न्तगत आज धातु हस्तशिल्प सेवा केन्द्र के प्रशिक्षण विभाग भारतीय हस्तशिल्प प्रौद्योगिकी संस्थान में 75 प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। जिलाधिकारी से सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय से उपस्थित रहकर मन एवं लगन से प्रशिक्षण लेने को प्रेरित किया साथ बताया कि आज आप हस्तशिल्पी है प्रशिक्षण प्राप्त कर एक अच्छे निर्यातक भी बन सकते है। इस अवसर पर मलिन कत्याल निर्यातक ने भी हस्तशिल्पियों को निर्यातक बनने तक के सफर के विषय में अवगत कराया। संस्था के महाप्रबन्धक डा0 रविन्द्र शर्मा ने ओ0डी0ओ0पी0 के लक्ष्य एवं इसके उद्देश्य एवं प्रशिक्षण के लाभ पर प्रकाश डाला। सहायक आयुकत मनीष पाठक जिला उद्योग केन्द मुरादाबाद ने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में अवगत कराया। सुधा अस्थान प्रशासनिक अधिकारी ने हस्तशिल्पियों को प्रतिदन समय पर उपस्थित रहन एक संस्था के विषय में अवगत कराया। विद्युत अभियंता राजीव कुमार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अकरम ट्रेनिंग कोर्डिनेटर ओ0डी0ओ0पी0 ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके मानदेय एवं टूलकिट के विषय में बताया। जितेन्द्र कुमार राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त एवं चिरंजीव लाल यादव ने नेशनल हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त एवं दिलशाद ने शिल्प गुरु हस्तशिल्प ने हस्तशिल्पियों को धातु शिल्प एवं इनग्रेविंग के विषय पर प्रकाश डाला।

## वीआईपी लाउंज का शुभारंभ, शुल्क देकर में ठहर सकेंगे यात्री

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मुरादाबाद में यात्रियों की सुविधा को स्टेशन पर पे एंड यूज के आधार पर एक नई सुविधा शुरू हो गई। शुक्रवार को स्टेशन स्टाफ ने लाउंज का शुभारंभ किया। रेलवे स्टेशन पर यात्री अब नवनिर्मित वीआईपी लाउंज में ठहर सकेंगे। रेल प्रशासन इसके लिए यात्रियों से तीस रुपये प्रति घंटे के हिसाब से शुल्क वसूलेगा, जबकि बारह वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए यह शुल्क 20 रुपये अदा करना होगा। ट्रेन से आने वाले यात्रियों को अब स्टेशन पर जगह के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। यात्री स्टेशन पर नए बने वातानुकूलित वीआईपी लाउंज का आनंद ले सकेंगे। रेलवे ने ट्रेन या अपने परिचित के इंतजार के लिए लोगों को साफ सुथरी जगह मुहैया कराई है। रेल प्रशासन का कहना है कि यात्री लाउंज में आराम से समय बिता सकेंगे। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह का कहना है कि वीआईपी लाउंज में यात्री ठहर सकेंगे। लाउंज में किसी भी श्रेणी के टिकट यात्री यहां ठहर सकेंगे। उन्हें पे एंड यूज के आधार पर आराम से बैठने की सुविधा मुहैया कराई गई है।

## चार महिलाओं समेत आठ के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - दहेज में पांच लाख रुपए और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाना पुलिस ने चार महिलाओं समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम बगिया सागर निवासी अनवार अहमद ने अपनी पुत्री रिहाना की शादी अमरोहा के थाना नौगांवा सादात के ग्राम नालू खुर्द निवासी सलीम पुत्र अयूब खान के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज में पांच लाख रुपए और कार की मांग शुरू कर दी। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब विवाहिता के पिता व भाई शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता को लेकर उसके मायके वाले थाना पहुंचे। पुलिस को सलीम हसीन, सुहेब कोसर, नरगिस, सानिया, सलैया , इशरत समेत आठ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

WWW.KNLSLIVE.COM

## कांठ में अनियंत्रित कार पलटने से बिजली का खंभा टूटा, बिजली ठप

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बिजली का खंभा भी टूट गया। इसके बाद कार भी पलट गई। हादसे में कार चालक मामूली रूप से घायल हो गया। बिजली विभाग तथा पीआरवी ने ग्रामीणों के सहयोग से बिजली के टूटे तारों और खंभे को हटवाकर वाहनों का आवागमन सुचारू कराया। बिजली का खंभा टूटने से दो गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। बिजनौर के स्योहारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात स्वास्थ्य कर्मी दीपक कुमार गुरुवार की रात नौ बजे अपनी कार से कोर्ट से करनपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही उनकी कार बेगमपुर चौराहे से करनपुर रोड की तरफ को चली तो तेज गति होने के कारण सड़क किनारे विद्युत लाइन के खंभे से टकरा गई। इससे खंभा व बिजली के तार टूट गए और उसकी कार भी पलट गई। हादसे में कार चालक दीपक कुमार घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना बिजली विभाग के जेई तथा पीआरवी टीम को दी। पुलिस व बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और विद्युत लाइन के तार व खंभा हटाकर वाहनों का आवागमन सड़क पर सुचारू कराया। घायल चालक को उपचार को निजी चिकित्सक के यहां भेज दिया। बिजली के तार व खंभा टूटने से ग्राम हीरापुर मिश्रीपुर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से शीघ्र खंभा लगवाकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने की मांग की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# Dignity of office

When the Prime Minister is on a state visit, then the Chief Minister of that state should remain in the state. But this is the second time in less than four months that Telangana Chief Minister K Chandrasekhar Rao has refrained from receiving Prime Minister Narendra Modi on his arrival in Hyderabad. The position has a dignity, which should be respected by all. Politics and mutual rivalry have their place and important posts like Prime Minister and Chief Minister have their place. It has generally been a tradition that if there is no very important event, the Chief Minister should at least be in the state during the Prime Minister's visit. In such a situation, does not disregarding the Prime Minister seem to be a part of politics? Perhaps the level of today's politics is such that morality and dignity have no value. Some leaders have even gone beyond the ordinary formality and often try not to face the Prime Minister. Even in the most important meetings, he sends any of his representatives or officers. Sadly, the Telangana Chief Minister took a flight from Hyderabad to Bengaluru just hours before the Prime Minister's arrival in Hyderabad. While the current Prime Minister was in the city, the Chief Minister had reached Bengaluru to meet former Prime Minister HD Deve Gowda. Perhaps that is why the Prime Minister's visit to Hyderabad was very brief. The chief minister of any new state should especially wait for the arrival of the prime minister, seeking one or two meetings with the prime minister, to try and achieve something special for the state. Not only did Rao, the Chief Minister of Telangana, miss this opportunity, but the broad message that it sent may be favorable to Rao's Telangana politics, but not good for the new state. The Prime Minister was in Hyderabad to attend the 20th Annual Function of the Indian School of Business (ISB). The question is also whether the institute had not invited the Chief Minister? Has the time come in the country when in some states we cannot see the Prime Minister and the Chief Minister together on one platform? Has party politics divided us so much? It has also been recorded in contemporary politics that Rao did not receive the Prime Minister on his arrival in Hyderabad on 5 February and did not attend the two programs in which the Prime Minister was present. There is also one aspect that K Chandrasekhar Rao wants to present himself as the Leader of the Opposition, so he does not want to appear with the Prime Minister under a well-thought-out strategy. To meet the former Prime Minister, he went with the party force and after that he would go to his village to meet Anna Hazare. These days he is engaged in discussions with leaders of various parties. Telangana Rashtra Samithi (TRS) chief Rao was in Delhi for just four days, meeting veteran AAP leaders and attending an event with Punjab Chief Minister Bhagwant Mann. His ambition to make TRS a national party is more responsible, but he must also discharge the traditional formalities. Excessive mixing of government and politics is not good for anyone.

## Shahrukh Khan's son Aryan Khan gets clean chit in drugs case, lawyer Mukul said - 'NCB has accepted its mistake'

Actor Shah Rukh Khan's fans are very happy today as the superstar's son Aryan Khan has got a clean chit in the drugs case. Aryan Khan, who was accused of drugs case, had to spend about 22 days in jail and while he was trolled a lot, he also got strong support on social media. The SIT of the Narcotic Control Bureau (NCB) has submitted its charge sheet in the 2021 Cordelia cruise ship drug case and given clean chit to Aryan Khan and five others for lack of concrete evidence. At the same time, the reaction of Aryan's lawyer Mukul Rohatgi has also come. What did Mukul Rohatgi say - Let us tell you that Mukul Rohatgi was watching the case on behalf of Aryan Khan and now his reaction has come after Shahrukh Khan's son got a clean chit. Mukul Rohatgi said in a conversation with NDTV, 'Finally the truth has come out. There was no such case whether a case would have




been registered against Aryan or he would have been arrested. No drugs were found with him. I am happy that finally NCB has accepted their mistake in a professional manner. What is NCB's press note- According to LiveLaw report, NCB in its press note said, "SIT conducted its investigation in a good manner. Based on the investigation done by the SIT, against 14 persons under various sections of the NDPS Act." Complaint has been registered. Complaint is not being registered against the remaining 6 people due to lack of sufficient evidence. All the accused except Aryan and Mohk were found to be in possession of drugs.' Aryan was taken into custody on October 3 - In the drugs case, the names of Shahrukh Khan's son Aryan Khan as well as 6 other people are not included in the chargesheet. These names are Aryan Khan, Avin Sahu, Gopal Ji Anand, Sameer Saigan, Bhaskar Roda and Manav Singhal. Recall that 19 others, including Aryan Khan, were accused in this case by NCB. Aryan was arrested from Cruise on 3 October 2021 and later got bail.

## After the death of Bengali model Bidisha, friend Manjusha Niyogi also hanged, mother said - both wanted to live together

After the death of Bengali model Bidisha De Majumdar Suicide, the body of her friend Manjusha Niyogi was also found hanging from her fan. Bidisha had committed suicide two days back. Both were very good friends. After the death of Manjusha, her mother has made some shocking revelations. During an interview, he told that after the death of his daughter Bidisha had given a hint of death. She wanted to be with Bidisha. Manjusha's mother told that her daughter had said that very soon the media will focus on her house like Bidisha. Mother said, daughter wanted to live with Bidisha - Sensational news is coming from Bengali modeling industry. After the death of model Bidisha, her friend has also committed suicide. Both were very good friends. Manjusha's mother told India Today that her daughter wanted to be with Bidisha. He told, "My daughter used to keep saying that she wanted to be with Bidisha. When I scolded her, she said that soon like Bidisha, the focus of the media will be on her house. Suicide note found near Bidisha - Manjusha Niyogi was found hanging at her house on May 27. Her mother claimed that her daughter was suffering from severe depression after the death of her friend Bidisha De Majumdar. Recently, Bidisha's body was found hanging from her fan. A suicide note was found from him. According to reports, Bidisha had written in the suicide note that she is suffering from cancer and is troubled. At the same time, his friends said that the talk of cancer is completely false. Friends had claimed that she was in depression because of her boyfriend.



# धार्मिक स्थानों से उतरवाए गए लाउडस्पीकरों को जनपदीय पुलिस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में किया गया दान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपदीय पुलिस की शैक्षिक संस्थानों के हित में नई पहल, शासन की मंशानुरूप धार्मिक स्थानों से उतरवाए गए लाउडस्पीकरों को जनपदीय पुलिस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में किया गया दान। शासन की मंशानुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर पीस कमेटी की मीटिंग में जनपद के विभिन्न धर्मगुरूओं से मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा व चर्च पर लगे मानक के अतिरिक्त लाउडस्पीकरों को हटाये जाने की अपील की गयी थी जिसके फलस्वरूप जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में स्थित मंदिर, मस्जिद व गुरूद्वारा में लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकरों को धर्मगुरूओं द्वारा स्वेच्छा से हटाया गया। इसी क्रम में सभी धर्मगुरुओं की सहमति से थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एसडीएस पीजी कॉलेज में, बागवाला पुलिस द्वारा जनता इंटर कालेज व जनता डिग्री कॉलेज में, थाना पिलुआ पुलिस द्वारा राजकीय पॉलीटेक्निक, श्री दयानंद सूर्य एंग्लो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्री नाथूराम हायर सेकेंडरी स्कूल, जनता इंटर कॉलेज में, थाना मलावन पुलिस द्वारा इंडियन मॉडर्न पब्लिक स्कूल, थाना नयागांव पुलिस द्वारा सुल्तान फरीद महाविद्यालय, चोखेलाल इंटर कॉलेज में, थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा आदर्श जनता इंटर कॉलेज, बजरुल्ला उलूम मदरसा में, थाना राजा का रामपुर पुलिस द्वारा आरएसकेडी इंटर कॉलेज, आरबीएल आर्य इंटर कॉलेज, डॉक्टर रामकुमार गायत्री देवी पीजी कॉलेज सहित अन्य थानाक्षेत्रों से भी विभिन्न स्कूल, कॉलेजों व मदरसों में लाउडस्पीकरों को दान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सभी धर्मगुरुओं के इस सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा की गई साथ ही एटा पुलिस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के हित में किए गए इस सराहनीय कार्य की आमजन में सराहना की जा रही है।


# रोड सेफ्टी नियमों के पालन हेतु डीम ने अधिकारियों व्यापारियों को दिलाई शपथ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने मा, मुख्यमंत्री जी एवं शासन की मंशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाए जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ अतिआवश्यक बैठक कलक्ट्रेट सभागार में की। डीएम ने कहा कि शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने हेतु व्यापारीगण अपना सहयोग प्रदान करें, इसके लिए आवश्यक है कि दुकान, प्रतिष्ठान निर्धारित स्थान पर ही रहे,नाली / नाले के ऊपर एवं सड़क पर किसी भी प्रकार अतिक्रमण न करें। दुकान पर आने वाले ग्राहकों एवं अन्य व्यक्तियों को रोड सेफ्टी के नियमों की जानकारी तथा बाजार आने के दौरान हेल्मेट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित भी करें। डीएम ने कहा कि सभी व्यापारी स्वयं एवं अपने परिवारीजनों आदि को यात्रा करने के दौरान निर्धारित स्पीड का प्रयोग करने की सलाह दें, ओवर स्पीड का प्रयोग कतई न किया जाए। व्यापारियों के माध्यम से संदेश जन-जन तक पहुंच जाया जाए कि कम उम्र के अवयस्कों को बाइक, स्कूटी कदापि न दी जाए, क्योंकि जब दुर्घटना होती है तो परिवार -समाज परेशान होता है। अपने एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि रोड सेफ्टी के नियमों का शतप्रतिशत पालन किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाए जाने से पूर्व व्यापारियों से वार्ता कर समय दिया जाए, निर्धारित समय के उपरान्त अतिक्रमण को हटाया जाएगा । ट्रैफिक को सुचारू रखना बहुत जरूरी है, हथठेलों हेतु वैण्डिंग जोन चिन्हित कर वैण्डिंग जोन में हथठेले लगवाए जाने की कार्यवाही समस्त निकाय क्षेत्रों में की जाए। इस अवसर पर सीडीओ डॉ, अवधेश कुमार वाजपेयी, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर शिव कुमार, एआरटीओ हेमचन्द गौतम, लीड बैंक मैनेजर वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, व्यापार मण्डल के प्रदीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, धर्मवीर गहलौत सहित अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# विवेचना संबंधी वैज्ञानिक तरीकों/साक्ष्य के बारे में प्रशिक्षित किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस उपमहानिरीक्षक, सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, चुनार, मिर्जापुर एवं अन्य विधि विशेषज्ञों द्वारा वर्चुअल क्लास के माध्यम से "Asphy&ial के मामलों में विवेचना पद्धतिः विषय पर जनपद के विवेचकों को विवेचना संबंधी वैज्ञानिक तरीकों/साक्ष्य के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता, अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर एवं शहरी क्षेत्र के दो प्रभारी निरीक्षक व 10 विवेचक एवं ग्रामीण क्षेत्र के 02 प्रभारी निरीक्षक व 10 अन्य विवेचक तथा क्राइम ब्रांच के समस्त विवेचक उपस्थित रहेग

# वीरपुरा गौशाला प्रकरण में कार्रवाई के लिए भाजपा किसान मोर्चा महानगर में कमिश्नर को ज्ञापन दिया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कमिश्नर रघुवर दयाल से मिला एक ज्ञापन सौंपा यह ज्ञापन गभाना क्षेत्र के गांव वीरपुरा की गौशाला में भ्रष्टाचार एवं भूखी मर रही गाय एवं 6 मृतक गायों की जांच कराए जाने के संबंध में एवं वीडियो चंदौस तबादले के संबंध में एवं वीडियो पर एवं ग्राम प्रधान मौजूदा वीरपुरा के खिलाफ कार्रवाई के करने के संबंध में ज्ञापन दिया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि वीरपुरा गौशाला में मृतक गायों की संख्या 6 थी भाजपा किसान मोर्चा महानगर के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया था मौके पर 6 गायों को मृतक पाया बाकी अवशेष मिले या एक बहुत बड़ा अपराध है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करा चुके हैं कमर्स कमिश्नर रघुवर दयाल जी को भी ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है वीरपुरा की गौशाला में व्यापक भ्रष्टाचार के कारण गांव की मौतें हो रही है जो पैसा सरकार दे रही है गौशालाओं के लिए वह पैसा भी पूरी तरह से गायों भोजन के लिए पूरी तरह से नहीं लगाया जा रहा है गाय भूखी रहती हैं इसलिए उनकी मौतें हो रही है इस गौशाला की देखरेख वीडियो चंदौस ग्राम प्रधान कर रहे हैं विनर गायों की मौतों के जिम्मेदार वीडियो चंदौस ग्राम प्रधान है बीमारी का केवल बहाना है कि गायों की मौत भुखमरी के कारण हो रही है एक बहाना है भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने अति शीघ्र कार्रवाई की मांग की है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह कमिश्नर को सबूत दिखाएं उनके साथ महानगर कार्यकारिणी के सदस्य पवन कुमार सिंह संतोष तिवारी सिमरन मिर्जा डंबर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शिक्षा से वंचित 1331 बच्चों का स्कूलों में होगा प्रवेश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- डेढ़ माह तक चले हाउस होल्ड सर्वे में 1331 बच्चे शिक्षा से वंचित पाए गए। वंचित बालक-बालिकाओं को परिषदीय स्कूलों में प्रवेश दिलाकर शिक्षित किया जाएगा। इसकी तैयारियां बेसिक शिक्षा परिषद विभाग ने शुरू कर दी हैं। डीसी सामुदायिक गतिविधियां डा. अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों को निकटवर्ती स्कूलों में इनको प्रवेश दिलाया जाएगा। डीसी ने बताया कि इसके हाउस होल्ड सर्वे में 5 से 14 वर्ष तक के 1,73,444 बच्चों को शामिल किया गया।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# नशे के अवैध कारोबार पर सूरजपुर पुलिस की ताबड़तोड कार्रवाई जारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-चौकी बसदेई पुलिस ने 1 व थाना भटगांव पुलिस ने 2 एनडीपीएस के मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार,1 लाख 15 हजार रूपये कीमत का अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में चौकी बसदेई व थाना भटगांव की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 3 अलग-अलग मामले में 3 लोगों को पकड़ा है जिनसे 1 लाख 15 हजार रूपये कीमत के 5 किलो 700 ग्राम गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। इन कार्यवाहियों में शामिल पुलिस टीम के अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत भी किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बसदेई पुलिस की टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सिरसी में घेराबंदी कर राम अवतार उर्फ संतोष तुरी पिता देव नारायण तुरी उम्र 38 वर्ष निवासी सतनगर, थाना झिलमिली को पकड़ा जिसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 40 हजार रूपये का जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, प्रदीप उपाध्याय, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, देवदत्त दुबे व प्रदीप सोनवानी सक्रिय रहे। दूसरे मामले में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना भटगांव की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सिवारीपारा-भटगांव में घेराबंदी कर दीपक बघेल पिता स्व. गुलाब बघेल उम्र 32 वर्ष निवासी पोड़ी, थाना पोड़ी, जिला कोरिया को पकड़ा जिसके कब्जे से 3 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 60 हजार रूपये का जप्त धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।वहीं तीसरे मामले में थाना भटगांव की पुलिस ने गुरूवार को ग्राम डुमरिया में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित उमाशंकर पिता चंद्रशेखर उम्र 30 वर्ष निवासी डुमरिया को पकड़ा जिसके कब्जे से 600 ग्राम गांजा कीमत करीब 15000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव विमलेश सिंह, एएसआई सुमन्त पाण्डेय, बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक रजनीश पटेल, संतोष जायसवाल व प्रकाश साहू सक्रिय रहे।

# शक्कर कारखाना में गन्ना बिक्री का भुगतान नहीं होने से किसानों में आक्रोश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिपं सदस्य के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र ही भुगतान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी दतिमा मोड़-जिले में एक ही शक्कर कारखाना होने से किसानों को गन्ना बिक्री करने में असुविधा होती है आये दिन किसी न किसी से दो चार होनी पड़ती है। साथही सात माह के बाद भी राशि भुगतान नहीं होने से किसानों को आर्थिक समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। जिसको लेकर किसान काफी आक्रोश है। प्रतापपुर जनपद पंचायत स्थित मां महामाया शक्कर कारखाना केरता में किसानों के द्वारा अगले सत्र में गन्ना विक्रय की जा चुकी है परंतु कारखाना प्रबंधक द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। जिससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मानसून प्रारंभ होने में कुछ ही समय बचा है सभी किसान वर्षा प्रारंभ होने से पहले ही खाद बीज की व्यवस्था करते हैं। किसान शादी विवाह कर्ज लेकर कर रहे है।

**भुगतान के लिए कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार**

जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता लवकेश पैकरा के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि भुगतान नहीं होने के कारण हम सभी किसान परेशान हैं लगातार हम कारखाना के प्रबंधक से गुहार लगा रहे हैं। किसानों की आर्थिक समस्या को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य श्री पैकरा ने शक्कर कारखाना में किसानों को गन्ना की राशि का लंबित भुगतान की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने जल्द ही किसानों की लंबित राशि का भुगतान करवाने की बात कही है। शीघ्र ही भुगतान नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# माइनिंग, श्रम विभाग एवं उद्योग विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खनिज विभाग, उद्योग विभाग एवं श्रम विभाग के कार्यों की संयुक्त समीक्षा की। उन्होंने खनिज विभाग के अंतर्गत संचालित चालू खदान एवं बंद खदानों की जानकारी ली। खदानों की नीलामी प्रक्रिया से अवगत हुई तथा रेत एवं खनिजों के अवैध परिवहन, अवैध खनन करने वाले वाहन चालक के स्थान पर वाहन मालिक पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री आरा ने उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, औद्योगिक नीति 2019-24, फूड पार्क, औद्योगिक क्षेत्र सहित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने उद्योग विभाग से रोजगार के अवसर अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो इसे ध्यान में में रखकर कार्य करने निर्देशित किया तथा कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आरटीआई सहित अन्य जगहों में स्वरोजगार से संबंधित जानकारी के लिए अधिक से अधिक प्रचार के लिए शिविर लगाने निर्देशित किया। उन्होंने छोटे बड़े एवं मध्यम प्रकार के उद्योगों की जानकारी ली तथा उद्योग नीति के आधार पर बेहतर कार्य करने के लिए निर्देशित कियाी। उन्होंने जिले में फूड पार्क की स्थापना के लिए स्थल का चयन कर फूड पार्क संचालित करने निर्देशित किया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, श्रम पदाधिकारी श्री घनश्याम पाणिग्रही, खनिज अधिकारी श्री संदीप नायक, उद्योग विभाग के अधिकारी श्रीमती टी तिग्गा, श्री अवधेश कुशवाहा, श्री जय सिंह राज, श्री एसएस कुशराम उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने श्रम विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली तथा श्रमिकों को बेहतर सुविधा एवं अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए उन्होंने शिविर लगाने निर्देशित किया है।

# सूरजपुर पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा, विक्षिप्त महिला व उसकी बच्ची को मिलाया अपनों से

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-जिले की पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है। जहां एक विक्षिप्त महिला एवं उसकी मासूम बच्ची को अपनों से मिलाया गया, महिला अपने घर से बिना बताए अपनी मासूम बच्ची को लेकर निकली थी। बीते दिन थाना जयनगर में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक पुष्पा पैंकरा जयनगर से बस में बैठकर सूरजपुर जा रही थी, बस स्टैण्ड में बस से एक विक्षिप्त महिला अपने 3 वर्षीय बच्ची के साथ उतरी जिसका हावभाव असामान्य था इसे भापते हुए महिला प्रधान आरक्षक ने विक्षिप्त महिला को थाना सूरजपुर लाया गया। अवगत कराया जिस पर उन्होंने महिला एवं उसकी बच्ची को खाने-पीने की चीजे उपलब्ध कराने, संवेदनशीलता व तत्परतापूर्वक महिला के निवास व परिजनों की जानकारी प्राप्त कर सकुशल घर भिजवाने के निर्देश दिए। पुलिस के द्वारा महिला को नास्ता पानी एवं बच्चे को चाकलेट उपलब्ध कराया और यह जानने का प्रयास किया कि वह कहां की रहने वाली है। काफी पूछताछ व अथक प्रयास के बाद महिला किसी भाषा में बड़बड़ाने लगी, भाषा कुसमी क्षेत्र का होने के आधार पर पुलिस ने थाना कुसमी से सम्पर्क कर महिला का फोटो वाटसएप पर भेजकर पतासाजी कराया, जिसके बाद ज्ञात हुआ कि विक्षिप्त महिला उरांवपारा कुसमी की रहने वाली है, महिला के परिजनों से सम्पर्क कर बुलाया गया और महिला एवं उसकी पुत्री को सखी वन स्टाप सेंटर भेजा। सूचना पाकर उसके परिजन सखी सेंटर सूरजपुर पहुंचे और महिला एवं उसकी पुत्री को अपने साथ घर ले गए। महिला एवं बच्ची को पाकर परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।